सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	फाल्गुन 21, शुक्रवार, *शाके* 1942–मार्च 12, 2021 *Phalguna 21, Friday, Saka 1942- March 12, 2021*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

नगरीय विकास विभाग

अधिसूचना

जयपुर, मार्च 08, 2021

संख्या प.12(2)**नविवि/**2021 :-राजस्थान नगर सुधार अधिनियम **-1959** राजस्थान अधिनियम संख्या **35** सन **1959** की धारा **32** की उपधारा **(1)** के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा घोषित करती है कि नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर ने राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित मास्टर प्लान-**2031** अनुसार **"**आम्बेरी आवासीय योजना**"** नामक योजना बनाने का निर्णय लिया है। इस योजना की सीमाएं निम्न प्रकार है:-

उत्तर - कृषि भूमि
दक्षिण - आवासीय प्रयोजनार्थ संपरिवर्तित भूमि
पूर्व - **100** फीट सडक
पश्चिम - आम्बेरी ग्राम की आबादी

इस योजना का अनुमानित क्षेत्रफल **10.5180** हैक्टेयर है। इस योजना के क्षेत्रफल का विवरण तथा नक्शा कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर में उपलब्ध है, तथा किसी भी कार्य दिवस में सायंकाल **3:00** बजे से **5:00** बजे तक देखा जा सकता है। उक्त योजना राजस्थान राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से **6** माह तक प्रभावशील रहेगी।

राज्यपाल की आज्ञा से,
त्रिभुवनपति,
संयुक्त शासन सचिव-द्वितीय।

7155

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।